**(अत्यावश्यक)**

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–माध्य/मा–स/22444/विविध vol-2(26-ii)/2026 दिनांक : As in E-Sign

**समस्त सम्भागीय संयुक्त निदेशक,** **(स्मरण–पत्र 2)**

**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :–** **दिनांक : 22.07.2026 को आयोजित माय भारत पोर्टल (My Bharat Portal) की समीक्षा बैठक कार्यवाही विवरणानुसार समस्त सरकारी एवं गैर–सरकारी विद्यालयों के लिए रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी दिशा–निर्देश।**

**प्रसंग :–** शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर का पत्र दिनांक : 22.07.2026 (राजकाज रेफ्रेन्स आईडी नं. 23545111)

**सन्दर्भ :–** 1. शासन उप सचिव, राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग, जयपुर का पत्र दिनांक : 20.07.2026

2. इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 20.04.2026, 17.06.2026 एवं 03.07.2026

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि इस कार्यालय के सन्दर्भित निर्देश–पत्रों के माध्यम से माय भारत पोर्टल के अन्तर्गत शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किये जाने बाबत, वांछित दिशा–निर्देश समस्त विभागीय अधीनस्थों हेतु जारी किये गये हैं। उक्त की निरन्तरता एवं प्रासंगिक पत्रानुसार वांछित कार्यवाही के क्रम में माय भारत पोर्टल के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अग्रांकितानुसार दिशा–निर्देश पुन : प्रदान किये जाते हैं :–

- समस्त राजकीय एवं गैर–राजकीय विद्यालयों में कार्यरत् समस्त कार्मिकों का माय भारत पोर्टल पर शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाते हुए **उक्त की जिलेवार समेकित रिपोर्ट मय प्रमाण–पत्र इस कार्यालय की सम्बन्धित ई–मेल आई.डी. massecondary@gmail.com पर दिनांक : 15 अगस्त, 2026 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करवायी जानी सुनिश्चित करावें।**

**नोट :–** इसी क्रम में समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारीगण को निर्देशित किया जाता है कि वह मय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, विद्यालयवार नोडल अधिकारी एवं अन्य वांछित सूचनाओं को अविलम्ब एकत्रित करते हुए, जिलेवार समेकित सूचनाएं अधोलिखित गूगल फार्म पर प्रविष्टि की जानी सुनिश्चित करेंगे :– ( गूगल लिंक : https://forms.gle/yE2gyBidsKVQ98GC6 )

- ELP मॉड्यूल के अन्तर्गत माय भारत पोर्टल पर राज्य के समस्त पीएम श्री विद्यालयों को जोडने एवं पी.एम. श्री विद्यालयों के समस्त विद्यार्थियों, जिनकी आयु 15 से 19 वर्ष तक पूर्ण कर ली गई है, उनका पोर्टल पर आवश्यक रूप से तत्काल रजिस्ट्रेशन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।
- सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के 15 से 19 वर्ष तक आयु वाले समस्त अध्ययनरत विद्यार्थियों का माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन संबंधी कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करवाया जाए।

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.07.29 20:06:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23605219

M e-Sign

- राज्य के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों में **विद्यालयवार नोडल** बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
- माय भारत पोर्टल के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर निबन्ध, क्विज एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन कर पोर्टल पर अपलोड करवाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
- राज्य के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में समय–समय पर विशेष अभियान **"स्पेशल रजिस्ट्रेशन ड्राइव** (Special Registration Drive)**"** का आयोजन कर अध्ययनरत् विद्यार्थियों का शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

उल्लिखितानुसार निर्देशित किया जाता है कि आप **आज ही** अपने क्षेत्राधिकार में उक्तानुसार निर्देश जारी करवाते हुए आगामी शनिवारीय बस्ता मुक्त दिवसों पर "स्पेशल रजिस्ट्रेशन ड्राइव **(**Special Registration Drive**)"** का आयोजन, आयोजन में उपर्युक्तानुसार गतिविधियों को सम्मिलित करना, विद्यालयवार नोडल नियुक्त करना तथा माय भारत पोर्टल (My Bharat Portal) के अन्तर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का शत–प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाया जाना सुनिश्चित करावें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर, प्रदत्त शासकीय निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करावें।**

**संलग्न : उपर्युक्तानुसार।**

(सीताराम जाट)
**आई.ए.एस.**
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक (वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर। (जरिये ई–मेल)
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
4. श्री सुरेश कुमार, DD/AD ASFE (Alternative Schooling and Formal Education), राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर। **(Nodal Officer, My Bharat Portal)**
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करवाये जाने बाबत। (जरिये ई–मेल)
6. निजी सचिव/निजी सहायक/स्टॉफ आफिसर, कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर। (जरिये ई–मेल)
7. सहायक निदेशक, पीएसपी/वीआईपी/मॉनिटरिंग/सतर्कता अनुभाग, कार्यालय हाजा। (जरिये ई–मेल)
8. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन बाबत। (जरिये ई–मेल)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.07.29 20:06:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23605219

M e-Sign

9. श्री रामसिंह मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी, खेलकूद प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा। **(सहायक नोडल अधिकारी, माय भारत पोर्टल)**
10. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी **(मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक** को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
11. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
12. रक्षित पत्रावली।

निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर एवं पदेन
अति. राज्य परि. निदेशक(वरिष्ठ)
समग्र शिक्षा अभियान (समसा)

Signature Not Verified

Digitally signed by Sita Ram Jat
Designation : Director
Date: 2026.07.29 20:06:42 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
23605219
M e-Sign